# माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

ई–मेल : mpbse@mp.nic.in वेब साइट : www.mpbse.nic.in

☎ : कार्या:– (0755) 2551650


क्रमांक /4719 /प.स./2026 भोपाल दिनांक 10/08/2026

## //आदेश//

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी एवं अन्य परीक्षाओं में ऐसे भी छात्र सम्मिलित होते हैं, जिनके माता व पिता (दोनों) का ही निधन हो गया है, ऐसे छात्र किसी रिश्तेदार पर आश्रित अथवा शासन/शासन द्वारा अधिकृत संस्था द्वारा संचालित अनाथालय में रहकर शैक्षणिक गतिविधियां पूर्ण करते हैं, किन्तु छात्र शुल्क के अभाव में अपनी पढ़ाई आगे जारी नहीं रख पाते है। ऐसे छात्रों को मण्डल द्वारा आयोजित समस्त परिक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए संपूर्ण परीक्षा एवं नामांकन शुल्क से छूट प्रदान की जाती है।

ऐसे छात्रों को परीक्षा फार्म भरते समय माता व पिता दोनों के मृत्यु प्रमाण–पत्र अथवा शासन द्वारा संचालित/मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा इस आशय का जारी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा शुल्क छूट की पात्रता नहीं होगी। यह सुविधा सत्र 2026–27 की परीक्षाओं से लागू की जाती है।

(बुद्धेश कुमार वैद्य)
सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल
मध्यप्रदेश भोपाल

पृष्ठांकन क्रमांक /4720/परीक्षा समन्वय/2026 दिनांक – 10/08/2026

प्रतिलिपि:–

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री, स्कूल शिक्षा विभाग, भोपाल।
2 सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल।
3. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, गौतम नगर भोपाल मध्यप्रदेश।
4. आयुक्त, आदिवासी विकास सतपुडा भवन,म.प्र.भोपाल।
5. आयुक्त, अनुसूचित जाति विकास, श्यामला हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश।
6. समस्त मण्डल सदस्य, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश।
7. समस्त संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, समस्त संभाग मध्यप्रदेश।
8 समस्त उपायुक्त/सहायक आयुक्त/जिला संयोजक, आदिम जाति कल्याण विभाग म.प्र.।
9. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, मध्यप्रदेश।.
10. आंचलिक/समस्त संभागीय अधिकारी, संभागीय कार्यालय, माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश।
11. समस्त सहायक सचिव/समस्त कक्षाधिकारी/समकक्ष अधिकारी/सुरक्षा अधिकारी, मा.शि.मण्डल, म.प्र.।
12. वित्ताधिकारी/उपसचिव/पंजीयक परीक्षा/जनसम्पर्क अधि./विधि सहायक/सी.एस.ओ./लोक सूचना मा.शि.मं,म.प्र.।
13. निज सचिव–अध्यक्ष/सचिव/अति. सचिव/उपसचिव/परीक्षा नियंत्रक मा.शि.म.,म.प्र. भोपाल।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
मध्यप्रदेश, भोपाल